# उत्तराखण्ड मुक्त विष्वविद्यालय, हल्द्वानी
# महत्वपूर्ण उपलब्धियाँः नवम्बर, 2018

## चतुर्थ दीक्षान्त समारोह दिनांक 27 नवम्बर, 2018

दिनांक 27 नवम्बर, 2018 को विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षान्त समारोह आयोजित किया गया। दीक्षांत समारोह में माननीय श्री राज्यपाल/कुलाधिपति द्वारा दीक्षांत भाषण दिया गया।




*दीक्षांत समारोह में प्रतिभाग करते हुए माननीय श्री राज्यपाल एवं माननीय उच्च शिक्षा मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत।*

विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ0 धन सिंह रावत, उच्च शिक्षा मंत्री मौजूद रहे। समारोह में वर्ष 2016-17(शीतकाल) के पी-एच.डी., स्नातक, परास्नातक और स्नातकोत्तर डिप्लोमा धारियों के 2,256 उत्तीर्ण विद्यार्थियों को माननीय कुलाधिपति महोदया द्वारा उपाधि प्रदान की गई।

पीएच. डी. की उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की सूची-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | रितु नौटियाल | शिक्षक शिक्षा विभाग |
| 2. | ममता कुमारी | शिक्षक शिक्षा विभाग |
| 3. | विपिन चन्द्र | पत्रकारिता |
| 4. | आरती भट्ट | पत्रकारिता |
| 5. | शिव प्रसाद जाशी | पत्रकारिता |
| 6. | दिनेश चन्द्र कर्नाटक | हिन्दी |
| 7. | दीपक चन्द्र | समाजशास्त्र |



दीक्षांत समारोह के पूर्व दिवस पर विश्वविद्यालय में कार्य परिषद एवं विद्या परिषद की बैठकें भी हुई, इसमें दीक्षांत समारोह में वितरित की जाने वाली उपाधियों, डिप्लोमा एवं प्रमाण पत्रों को परिषदों ने अनुमोदित किया। कुलपति प्रोफेसर डी. के. नौड़ियाल के निर्देशन में विश्वविद्यालय परिसर में दीक्षांत समारोह का पूर्वाभ्यास किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के निदेशक, कार्यपरिषद एवं विद्या परिषद के सदस्य मौजूद थे।

विश्वविद्यालय के चतुर्थ दीक्षान्त समारोह के छायाचित्र (संपूर्ण एल्बम) पृथक से प्रेषित किये जायेगें।

## दिव्यांगों के शिक्षा संवर्द्धन हेतु शिक्षकों का प्रशिक्षण



केन्द्रीय सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार एवं भारतीय पुनर्वास परिषद, नई दिल्ली के सहयोग से उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी के द्वारा सहसपुर ब्लाक के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत लगभग 65 शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को विभिन्न विकलांगताओं यथा मानसिक मंदता, नेत्रहीनता, मूक-बधिर एवं पढने में अक्षमता से ग्रसित बच्चों हेतु विशिष्ट शिक्षा के प्रति एवं निशक्तजनों के पुनर्वास एवं

रोजगार सम्बन्धी प्रावधानों व केन्द्र-राज्य सरकारों द्वारा किये जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी के प्रति जागरूक करने हेतु एक कार्यशाला का आयोजन Growing Plant Inclusive School, Fatehpur में दिनाँक 12-14 नवम्बर, 2018 को आयोजित की गयी| कार्यशाला का उद्घाटन श्री पंकज कुमार जी समाजसेवी, उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय अध्ययन केंद्र संगठन के अध्यक्ष श्री अनिल तोमर एवं और उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के विशिष्ट शिक्षा विभाग के कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सिद्धार्थ कुमार पोखरियाल ने दीप प्रज्ज्वलन करके किया|





उद्घाटन सत्र में अपने संबोधन में श्री पंकज कुमार जी ने दिव्यांगों को शैक्षिक गतिविधियों में भाग लेने पर अवसर देने पर जोर दिया और कार्यशाला में आये प्रतिभागियों से अपेक्षा की, कि वे दिव्यान्गता के विषय में जो कुछ भी जानकारी प्राप्त करके जाएँ उसे अपने कार्यक्षेत्र में प्रयोग में लाकर दिव्यांगों को समझ की मुख्यधारा में शामिल करें और राष्ट्र के निर्माण में सहयोग दें|

**(कार्यशाला की संक्षिप्त रिपोर्ट संलग्न है। संलग्नक-क)**

## प्रवेश

UGC, DEB द्वारा आकादमिक सत्र 2018-19 के लिए 05 पाठ्यक्रम पर्व में तथा नवीन 18 पाठ्यक्रम की मान्यता प्रदान की गई है जिनमें प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ करने के उपरांत दिनांक 30 अक्टूबर, 2018 तक 41,137 विद्यार्थियों द्वारा प्रवेश लिया गया है।

ग्रीष्मकालीन सत्र 20118-19 में विश्वविद्यालय के विभिन्न क्षेत्रीय केन्द्रों में विद्यार्थियों के प्रवेश की अद्यतन स्थिति निम्न है-




## परीक्षा

विश्वविद्यालय वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा प्रदेश के 52 परीक्षा केन्द्रों में दिनांक 10 दिसम्बर 2018 से 4 जनवरी, 2018 तक संचालित हो रही है। परीक्षा हेतु 18,703 परीक्षार्थी मुख्य परीक्षा में, 12,285 परीक्षार्थी बैक परीक्षा में व 689 परीक्षार्थी सुधार परीक्षा में (**कुल 31,677 परीक्षार्थी**) सम्मिलित हो रहे है।

माह नवम्बर में 141 मूल उपाधियाँ, 83 अन्तरिम उपाधि/अनापत्ति प्रमाण पत्र वाहक/डाक से प्रेषित की गई।

## Apex-Advisory Committee Meeting

उत्तराखंड राज्य में दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से बी.एड. (विशिष्ट शिक्षा) पाठ्यक्रम का सञ्चालन करने हेतु भारतीय पुनर्वास परिषद्, नई दिल्ली और उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के बीच एक समझौता ज्ञाप (MOU) दिनाँक 16/01/2015 को किया गया| विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा सत्र 2018-19 से बी.एड. (विशेष शिक्षा) में मानसिक

मंदता एवं अधिगम अक्षमता के पाठ्यक्रमों कों मान्यता प्रदान की गयी है। MOU के बिंदु संख्या 14 में Apex-Advisory Committee की बैठक माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में किये जाने का उल्लेख है जिसमें भारतीय पुनर्वास परिषद्  द्वारा नामित 2 सदस्य, विश्वविद्यालय द्वारा नामित कार्यपरिषद् के 02 सदस्य, सदस्य सचिव, भारतीय पुनर्वास परिषद्, विश्वविद्यालय के अकादमिक समन्वयक।

## हैलो हल्द्वानी से सितम्बर माह में प्रसारित कार्यक्रम

नवंबर माह में हैलो हल्द्वानी से प्रसारित कार्यक्रम-

1- कार्यक्रम-मुलाकात, अतिथि- प्रकाश उपाध्याय (रिटार्यड प्रोफसर, राजनीतिविज्ञान) वार्ताकार- भूपेन सिंह, वार्ता का विषय- एक पहाड़ी बच्चे से राजनीतिविज्ञानी बनने के सफर व उसके बहाने सामाजिक परिवेश पर बातचीत।

2- कार्यक्रम-मुलाकात, अतिथि- उज्जवल विक्रम थापा (पालिटिशियन नेपाल) वार्ताकार- भूपेन सिंह, वार्ता का विषय- शेरवुड की यादें और नेपाल

3- कार्यक्रम-मुलाकात, अतिथि- प्रीतम भरतवाण (जागर गायक) वार्ताकार- भूपेन सिंह, वार्ता का विषय- लोक परंपरा में जागर का महत्व



4- कार्यक्रम-मुलाकात, अतिथि- विमल पांडे (एआरटीओ) वार्ताकार- भूपेन सिंह, वार्ता का विषय- यातायात की बेहतरी के उपाय

5- प्रोग्राम- देश-विदेश की सैर, अतिथि- परशुराम काफिल(सीनियर पत्रकार, नया पत्रिका काठमांडू), वार्ताकार- सुनीता भास्कर, वार्ता का विषय- नेपाल में मीडिया की स्थिति व भूमिका

6- प्रोग्राम- चर्चा में, अतिथि- के के मिश्र (वाइल्ड लाइफ बायोलोजिस्ट), वार्ताकार- सुनीता भास्कर वार्ता का विषय- विश्व पक्षी दिवस व सालिम अली के योगदान पर बातचीत

7- कार्यक्रम- उत्तराखंड परिक्रमा, अतिथि- योगेश चन्द्र पांडे , वार्ताकार- सुनीता भास्कर वार्ता का विषय- गांधी आश्रमों की आर्थिकी पर बातचीत

8- कार्यक्रम- विज्ञान की दुनिया, अतिथि- शोभा निओलिया, वार्ताकार- सुनीता भास्कर वार्ता का विषय- भौतिकी से क्यों डरते हैं बच्चे

9- कार्यक्रम- आधी आबादी की आवाज. अतिथि- महिलाएं बिठौरिया की, वार्ताकार- सुनीता भास्कर व विनीता पाठक, वार्ता का विषय- महिलाओं के सपने और घर की जिम्मेदारियां

10- कार्यक्रम- शिक्षा का पहिया, अतिथि- एस के श्रीवास्तव (प्रोफेसर गुरुकुल कांगड़ी विवि), वार्ताकार- सुनीता भास्कर, वार्ता का विषय- युवाओं के मनोविज्ञान पर बातचीत

11- कार्यक्रम- चर्चा में, अतिथि- कुंदन सिंह जंगपांगी, वार्ताकार- सुनीता भास्कर
वार्ता का विषय- केरल में पुलिस व्यवस्था व वहां का परिवेश

12- प्रोग्राम- चर्चा में, अतिथि- प्रेम पंचोली (गांधीवादी कार्यकर्ता), वार्ताकार- सुनीता भास्कर
वार्ता का विषय- रंवाई जौनपुर का समाज व संस्कृति

13- प्रोग्राम- यंग हल्द्वानी, अतिथि- तनुज पाठक(फिल्म अभिनेता), वार्ताकार- अनिल नैलवाल
वार्ता का विषय- एक फिल्म अभिनेता का संघर्ष

14- प्रोग्राम-शिक्षा का पहिया, अतिथि- शोभा निओलिया (भौतिक विज्ञान शिक्षक, वीयरशिवा स्कूल),
वार्ता का विषय- कैसे खेल खेल में सिखाएं भौतिक विज्ञान

15- प्रोग्राम- साहित्य से दोस्ती, रेडियो रिपोर्ट- विनीता पाठक, रिपोर्ट का विषय- साहित्यकार हिमांशु जोशी का रचना संसार

**(हैलो हल्द्वानी से सम्बन्धित कार्यक्रमों की विस्तृत रिपोर्ट संलग्न है। संलग्नक- क)**

## पाठ्य सामग्री वितरण

विश्वविद्यालय में पंजीकृत छात्रों को अध्ययन सामग्री प्रदान की जाती है। विश्वविद्यालय के ग्रीष्मकालीन सत्र 2018–19 में पंजीकृत छात्रों को प्रेषित अध्ययन सामग्री का विवरण निम्नवत् है–

**Book Distribution Status Current Session (2018-19-Summer)**

| **Total Students** | 44790 |
|---|---|
| **Regional Centre** | **Issued Books** |
| 11 Dehradun | 931 |
| 12 Roorkee | 299 |
| 14 Pauri | 19 |
| 15 Uttar Kashi | 597 |
| 16 Haldwani | 3889 |
| 17 Ranikhet | 957 |
| 18 Pithoragarh | 44 |
| 19 Bageshwar | 30 |
| **Books Packed/Dispatched For** | 6766 |

## अन्य गतिविधियाँ

माह नवम्बर, 2018 में उपरोक्त प्रमुख कार्यकलापों के अतिरिक्त शिक्षकों द्वारा ईकाई लेखन, पाठ्यक्रमों में सुधार/ संशोधन, अध्ययन सामग्री/ पुस्तकों की संचरना/ प्रकाशन आदि कार्य किए जा रहे है। विद्याशाखाओं के शिक्षकों के व्याख्यानों की वीडियो रिकार्डिंग, विद्यार्थियों तक पुस्तकों एवं पाठ्य सामग्री की आपूर्ति, सूचना अधिकार कानून के अन्तर्गत सूचनाओं की आपूर्ति, विद्यार्थियों को वांछित प्रमाणपत्रों का अविलम्ब निर्गमन आदि कार्य संपन्न किए गये।

**(विश्वविद्यालय की गतिविधियों से संबंधित मीडिया कवरेज संलग्न है- ख)**

****************